# कोचीन सीमाशुल्क समाचार पत्रिका

# Cochin Customs News Letter



श्री पुल्लेला नागेश्वर राव,
मुख्य-आयुक्त





श्री सुमित कुमार, आयुक्त



| सम्पादक मण्डल |
|---|
| सुमित कुमार, भा. रा. से. -सीमाशुल्क आयुक्त |
| एस अनिल कुमार , भा. रा. से. - अपर सीमाशुल्क आयुक्त |
| लखी नारायण दास , भा. रा. से. - सहायक सीमाशुल्क आयुक्त |
| मनोज कुमार – सीमाशुल्क अधीक्षक (निवारक) |
| रितेश कुमार सिंह - निवारक अधिकारी |

**अंक -3** **अगस्त , 2018**

# संपादकीय

सीमाशुल्क गृह, कोचीन के डिजिटल मासिक पत्रिका का तीसरा अंक अपने आप में काफी विशेष महत्व रखता है। यह पत्रिका बहुभाषाई रचनाएँ समाहित करके जहाँ एक ओर सभी कर्मचारियों के सृजनशीलता को एक अभिव्यक्ति का साधन प्रदान करता हैं, वहीं यह राजभाषा को लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास भी है। इसका डिजिटल प्रकाशन सरकार के स्वच्छ भारत अभियान प्रयासों के अनुकूल भी है।

विगत माह में हमने स्वतंत्रता दिवस समारोह धूम-धाम से मनाया। इस पत्रिका के माध्यम से हम उसकी झलकियाँ संरक्षित करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अगले कुछ दिनों में हमने अनवरत बारिश का सामना किया, जिसके कारण केरल को भीषण बाढ़ का सामना भी करना पड़ा । जान-माल के व्यापक नुकसान एवं लोगों द्वारा भीषण कठिनाईओं का सामना करने के दौरान हमारे सीमाशुल्क गृह एवं इसके कर्मचारियों द्वारा किए गए अथक प्रयास उल्लेखनीय हैं। हमारे कुछ अधिकारियों को व्यक्तिगत नुकसान भी झेलना पड़ा। इन सब के बीच उनका आपसी भाईचारा अनुकरणीय है। हमारे कुछ अधिकारी एयरपोर्ट पर सरकारी दस्तावेज़ एवं भंडार को सुरक्षित करने के दौरान जल जमाव से घिर गए। उन्हे निकालने के लिए कई प्रयास किए गए जो अंततः हमारे अनुरोध पर लक्षद्वीप प्रशासन द्वारा उनकी छोटी नौका उपलब्ध कराने से ही सफल हो सका। इसके लिए यह सीमाशुल्क गृह उनका कृतज्ञ है। हमारे अधिकारियों ने राहत सामाग्री जुटाने एवं वितरित करने में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उनके श्रम एवं आर्थिक योगदान अविस्मरणीय हैं। आयातित राहत सामाग्री के शिघ्रातिशीघ्र कस्टम्स क्लियरेंस देने के दिशा-निर्देश भी दिये गए। राहत एवं बचाव के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए। राहत सामाग्री को कर मुक्त आयात की सुविधा भी भारत सरकार ने तुरंत प्रदान की। इस संबंध में मुख्य आयुक्त महोदय के त्वरित प्रयास प्रशंसनीय है।

बाढ़ के उपरांत राहत एवं पुनर्वास कार्य में श्रमदान करने वाले अधिकारियों को विशेष रूप से सराहना करते तथा अनुकरणीय भाईचारे के बने रहने की कामना करते हुए -

आपका,

सुमित कुमार, भा. रा. से.

आयुक्त

# स्वतंत्रता दिवस समारोह

**Independence Day was celebrated with full fervour. Shri Sumit Kumar, Commissioner hoisted the tricolour. Uniformed officers were in full strength to salute national flag. Customs Cadet Corp added colour to the celebrations. Following the theme of this year's World Environment Day celebrations - "Beating Plastic Pollution" – only eco friendly materials were used for the occasion. Decoration material prepared with tender coconut leaves were special attraction this time.**
























# राहत एवं बचाव कार्य

In face of inundation of Cochin International Airport, our officers S/Shri Roy Varghese, T. Nandakumar, P. Jitheshkumar, Bijender Kumar and Jibin Das stayed back and ensured protection of government documents and other properties. In the process they got trapped in the airport for more than 48 hrs facing shortage of food and uncertainty. Our dog squad also could not move out. Another team of officers namely S/Shri K.P.Sureshkumar, D.A.Amal Das and P.A.Nazeer made an attempt to reach them using our departmental boat. But the abundance of debris in water and shallow depth did not allow our heavy boat to operate. On commissioner’s written request, Lakshadweep administration was kind enough to extend support by giving their lighter boat. The next day, our rescue team reached airport and brought our trapped officers back. This year’s Onam celebration at Custom House was cancelled and fund meant for it was diverted to flood relief.










# राहत एवं बचाव कार्य








Due to unprecedented flood, Kerala was witnessing humanitarian crisis. Lakhs of rescued people were shifted to relief camps. Our officers stepped forward in mobilising resource material and fund to extend support to numerous relief camps. Efforts made by S/Shri Harish Kumar, Ram Singh Meena, Arun Kumar Chhari, Vikes Kumar, Niranjan Kumar Nirala and others are commendable. They channelized resources, volunteered and worked tirelessly in gathering relief materials and delivering them to various relief camps. Staff and their family members staying in quarters premises played praiseworthy role in looking after affected people who were moved to local relief camp in W/Island.








# राहत एवं बचाव कार्य

परावूर का इलाका सर्वाधिक प्रभावित इलाकों में से एक था। सहायक आयुक्त श्री मोइदीन नैना, जो की उस इलाके के निवासी हैं, पहले दिन से ही बचाव कार्य में लगे हुए थे। बचाव एवं राहत कार्य के नोडल अधिकारी की भूमिका को बखूबी निभाते हुए उन्होने एयरपोर्ट में फंसे अपने अधिकारियों को सुरक्षित निकालने के बाद अपने टीम को परावूर के आम नागरिकों के राहत एवं बचाव कार्य में लगाया। सर्वश्री के. पी. सुरेशकुमार, के. सतीश, अमल दास, जिमी मैथ्यू, नज़ीर, होर्मिस, संदीप एवं कई अन्य अधिकारिगण ने श्री मोइदीन नैना के नेतृत्व में दुर्गम इलाकों में जाकर आम जनों की सहायता की।













# राहत एवं बचाव कार्य

बाढ़ एवं जलजमाव के बाद घरों में कीचड़ के जमाव को साफ करने के लिए कुछ अधिकारियों ने स्वेच्छा से श्रमदान दिया जिनमे सर्वश्री ओ एफ जोस, पी के सुभाष कुमार, अनूप अरविन्दन, सुनील कुमार, जोसफ हयजिन आदि के योगदान उल्लेखनीय हैं। सहायक आयुक्त श्री मोइदीन नैना ने व्यक्तिगत क्षति झेलने के बावजूद अन्य व्यक्तियों के पुनर्वास में काफी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।













## बाढ़ राहत एवं पुनर्वास हेतु कस्टम विभाग द्वारा उठाए गए कदम



1. बाढ से प्रभावित लोगों के राहत एवं पुनर्वास हेतु आयात की गई खाने-पीने की वस्तुएं, दवाएं, कपड़े एवं कंबल आदि को कस्टम ड्यूटी से पूरी तरह मुक्त किया गया एवं इनके शीघ्रातिशीघ्र कस्टम्स क्लीयरेंस के आदेश दिए गए।
2. विभाग ने बाढ राहत एवं बचाव कार्य के लिए अधिकारियों की टीमें नियुक्त की जिसके नोडल ऑफिसर सहायक आयुक्त श्री मोइद्दीन नैना को बनाया गया जिन्होंने जिला प्रशासन के साथ सहयोग करके इन प्रयासों को सफलीभूत किया। नोडल अधिकारी को
3. कोचीन एयरपोर्ट पर जलभराव की स्थिति में सहायक आयुक्त श्री राय वर्गीज के नेतृत्व में अधिकारियों ने सरकारी दस्तावेजों एवं अन्य सम्पत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की और इस प्रयास में वे 48 घंटे एयरपोर्ट पर फंसे रहे जिसे बाद में गयी एक दूसरी टीम ने उन्हें जाकर वहां से निकाला।
4. बाढ़ के पहले दिन से ही हमारे विभागीय हल्के मैरीन बोट को राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया लेकिन जब भारी होने के कारण इससे राहत कार्य करना मुश्किल हो गया तो लक्षद्वीप प्रशासन से एक डिंगी एवं भारी इंजन वाले एक ट्रक को भाड़े पर लेकर राहत एवं बचाव कार्य जारी रखे गये।
5. अधिकारियों ने चंदा करके धन इकट्ठा किया और राहत कैंपों में श्रमदान भी किया।
6. बाढ़ के उपरांत बाढ़ से प्रभावित अधिकारियों के घरों की सफाई के कामों में भी अधिकारियों को लगाया गया।

**Commissioner Shri Sumit Kumar inaugurated Annual Beach cleaning program on 12.08.2018, organised by Cochin College Alumni Association. Shri T. P. Salim Kumar, Shri Abhilash P. Sivan and Shri Roshan Varghese are prominent members.**










